दिनांक: 24 जनवरी, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

मर्चेन्ट्स चैम्बर आफ उत्तर प्रदेश की इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सिविक एमेन्टीज कमेटी के चेयरमैन मनीष कटारिया जी ने माननीय जिलाधिकारी, कानपुर की अध्यक्षता में दिनांक 23.01.2023 को ‘‘कानपुर के प्रगति पथ को प्रदर्शित करने हेतु शहर की दो प्रमुख मार्गों का (टाटमिल चैराहे से यशोदा नगर एवं मेघदूत तिराहे से कम्पनीबाग, नबावगंज) आदर्श मार्ग (Model Road) के रूप में सुधार एवं विकास कार्य के सम्बन्ध में‘‘ आहूत बैठक में प्रतिभाग किया।

दिनांक 23.01.2023 को हुई बैठक के अनुपालन में चैम्बर के सदस्यों एवं केस्को तथा बी.एस.एन.एल. अधिकारियों द्वारा मेघदूत तिराहे से कम्पनीबाग, नबावगंज चैराहे तक एवं यशोदा नगर चैराहे से शनिदेव मन्दिर चैराहा, किदवई नगर तक संयुक्त भौतिक स्थलीय सर्वेक्षण किया गया है, जिसमें मूलतः निम्न बिन्दु मुख्य रूप से चिन्हित किये गये है:-

1. मेघदूत तिराहे से कम्पनीबाग, नबावगंज चैराहे तक बी.एस.एन.एल. के निर्माण अधिकतम 4-5 जगह है, जो कि मूलतः निष्क्रिय है एवं उनको हटाये जाने में बी.एस.एन.एल. सकारात्मक कार्यवाही कर सकता है।
2. दोनों मार्गों में केस्को के निम्नलिखित खण्डों का कार्यक्षेत्र।

   1) फूलबाग 2) बिजली घर 3) रिवर साईड पावर हाउस

   4) नबावगंज 5) नौबस्ता 6) किदवई नगर
3. केस्को के खम्भों पर झूलते हुये अवैध केबल टी.वी. एवं इण्टरनेट के तारों का संजाल।
4. मार्ग पार करते हुये केस्को के झूलते तार एवं केबिल।
5. मार्ग एवं फुटपाथ को बाधित करते हुये केस्को के छोटे ट्रांसफार्मर, जिनको कि खम्भे के ऊपर लगाकर फुटपाथ एवं मार्ग को यातायात हेतु सुगम किया जा सकता है।
6. यातायात को बाधित करते हुये केस्को के निष्क्रिय खम्भे।
7. यातायात को बाधित करते हुये केस्को के प्रयोगशील खम्भे, जिनको यातायात सुगम करने हेतु विस्थापित करना आवश्यक है।
8. मार्ग एवं फुटपाथ को बाधित करते हुये केस्को के केबिल बाक्स, जिनको किनारे अथवा खम्भों के ऊपर विस्थापित कर यातायात को सुगम किया जा सकता है।

अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा भी भौतिक सर्वेक्षण उपरान्त एक रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में में बैठक कर आदर्श मार्ग की कल्पना को साकार किये जाने का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा, ऐसा मर्चेन्ट्स चैम्बर का प्रयास है। -